No. Quality/255/2022-23/Part-I/3728, दिनांक-31/05/2023

**राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् की अध्यक्षता में दिनांक 31 मई, 2023 को अपराह्न 05:00 बजे से संपन्न e-Tender (NIT) Reference No. 1954 Dated 21-03-2023 (e-Tender No. 32810) के आलोक में शिक्षक डायरी से संबंधित तकनीकी निविदा पर अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए आहूत क्रय समिति की बैठक की कार्यवाही।**

बैठक में क्रय समिति के निम्नांकित सदस्य उपस्थित हुए :–

(1) श्री शाहजहाँ, प्रशासी पदाधिकारी, BEPC, पटना
(2) श्रीमती उर्मिला कुमारी, उप निदेशक (प्राथमिक शिक्षा), बिहार
(3) कुमार अरविन्द सिन्हा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, BEPC, पटना
(4) श्री रमण कुमार, मुख्य लेखा पदाधिकारी (प्रभारी), BEPC, पटना

बैठक में सर्वप्रथम राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, (QE) BEPC, पटना द्वारा बताया गया कि शिक्षक डायरी के लिए प्रकाशित की गई निविदा के आलोक में कुल छह निविदादाता क्रमशः M/s Printman Associates Pvt. Ltd., M/s Puja Printech Pvt. Ltd., M/s Adwell International Pvt. Ltd., M/s Druck Media Private Limited, M/s Arihant Printers एवं M/s New Print India Private Limited द्वारा निर्धारित तिथि तक निविदा प्राप्त हुआ था।

दिनांक 03.05.2023 को आहूत क्रय समिति की बैठक में प्राप्त निविदाओं के मूल्यांकन के लिए तकनीकी निविदा आंतरिक मूल्यांकन समिति एवं नमूना के मूल्यांकन के लिए निदेशक, SCERT, बिहार के अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया।

कार्यालय आदेश ज्ञापांक 2917 दिनांक 08.05.2023 के द्वारा तकनीकी निविदा के मूल्यांकन के लिए गठित तकनीकी निविदा आंतरिक मूल्यांकन समिति के प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया गया। साथ ही, निविदा अन्तर्गत शिक्षक डायरी के प्राप्त नमूना के मूल्यांकन से संबंधित प्रतिवेदन, जो निदेशक, SCERT, बिहार के पत्रांक 1056, दिनांक 25.05.2023 द्वारा प्राप्त है, को क्रय समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

शिक्षक डायरी के नमूना का मूल्यांकन से संबंधित प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि विशेषज्ञ समिति के द्वारा शिक्षक डायरी के मूल्यांकन के आधार पर तीन निविदादाता क्रमशः M/s Puja Printech Pvt. Ltd, M/s Adwell International Pvt. Ltd एवं M/s Arihant Printers के निविदा के शर्त्तों के अन्तर्गत न्यूनतम निर्धारित की गई 10 अंको की अर्हता से अधिक है।

उपरोक्त तीनों निविदादाताओं के तकनीकी निविदा के मूल्यांकन समिति के प्रतिवेदन की समीक्षा में पाया गया कि क्रमशः M/s Puja Printech Pvt. Ltd, M/s Adwell International Pvt.

Ltd. एवं M/s Arihant Printers द्वारा तकनीकी मूल्यांकन में निर्धारित अर्हता पूर्ण नहीं किया जा रहा है।

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपर्युक्त परिस्थितियों में निविदा की प्रक्रिया को रद्द किया जाय। साथ ही, बैठक की कार्यवाही को पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in एवं BEPC के वेबसाइट पर अपलोड कराया जाय।

**अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

| | | |
|---|---|---|
| 31.5.23<br>**(रमण कुमार)**<br>मुख्य लेखा पदाधिकारी (प्रभारी),<br>BEPC | 31-05-2<br>**(कुमार अरविन्द सिन्हा)**<br>राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी,<br>BEPC | 31/5/23<br>**(श्रीमती उर्मिला कुमारी)**<br>उप–निदेशक,<br>प्राथमिक शिक्षा, बिहार |
| 31.5.23<br>**(श्री शाहजहाँ)**<br>प्रशासी पदाधिकारी,<br>BEPC | | 31/5<br>**(बी० कार्तिकेय धनजी, भा०प्र०से०)**<br>राज्य परियोजना निदेशक,<br>BEPC |